# कोठी में प्रेम-प्रसंग के चलते युवक-विवाहिता ने लगाई फांसी: तीन साल से चल रहा था रिश्ता

**सतना। जिले के कोठी कस्बे में सोमवार शाम प्रेम-प्रसंग से जुड़ी एक दुखद घटना सामने आई है, जहां एक युवक और एक शादीशुदा महिला ने एक ही कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना कोठी के पुरानी गढ़ी इलाके के वार्ड नंबर 6 स्थित एक किराए के मकान में हुई।**

### मौके पर मिले शव, पुलिस जांच में जुटी

कमरे के भीतर दोनों के शव फंदे पर लटके मिलने की सूचना पर इलाके में हड़कंप मच गया और घटना स्थल पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना मिलते ही कोठी पुलिस और फोरेंसिक टीम तत्काल मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मृतकों की पहचान रोहित मिश्रा और नेहा द्विवेदी के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

### प्रेम प्रसंग था वजह

बताया जा रहा है कि रोहित मिश्रा और नेहा द्विवेदी के बीच पिछले तीन साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। मृतका नेहा द्विवेदी शादीशुदा थीं और उनकी तीन साल की एक बेटी भी है। नेहा कोठी में ही किराए के कमरे में रहती थीं और ब्यूटी पार्लर में काम करती थीं। उनके पति बाहर नौकरी करते हैं और कभी-कभी ही घर आते थे। पुलिस ने बताया कि वह सभी पहलुओं से मामले की गहनता से जांच कर रही है ताकि आत्महत्या के पीछे के सही कारणों का पता लगाया जा सके।







## खबर संक्षेप

### शराब फ्री न मिलने पर दुकान में तोड़फोड़ करने वाले 4 अड़ीबाज गिरफ्तार

**सतना।** पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह के निर्देश पर कोतवाली थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए, फ्री में शराब मांगने और न मिलने पर शराब दुकान में तोड़फोड़ करने वाले चार अड़ीबाज आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। डॉ.शिवेश सिंह बघेल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) सतना एवं नगर पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र प्रताप सिंह चौहान के मार्गदर्शन में कोतवाली थाना प्रभारी और उनकी टीम ने इस घटना के आरोपियों को चिन्हित कर धरपकड़ की। फरियादी सूरज कुमार राजपूत उम्र 28 वर्ष की रिपोर्ट पर संबंधित धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था। विवेचना के दौरान आरोपियों को चिन्हित किया गया।आरोपी घटना के बाद से ही फरार चल रहे थे और पुलिस को चकमा दे रहे थे। पुलिस टीम ने सरगर्मी से पता तलाश करते हुए चिन्हित फरार आरोपियों को अलग-अलग स्थानों से धर दबोचा। पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार किया। सभी गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार आरोपीगणों में से एक का नाम दीपक उर्फ मोनू शुक्ला पिता परशुराम शुक्ला, उम्र 32 साल है।


### मैहर में आज से संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ

**मैहर।** मैहर सिविल हास्पिटल के सामने संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ होगा। यह ज्ञान यज्ञ 24नवंबर तक चलेगा, और कथा विश्राम के बाद 25 नवंबर को ब्राम्हण भोज एवं भण्डारा का आयोजन किया गया है। आयोजक मुकेश गुप्ता, अखिलेश गुप्ता, राहुल गुप्ता सहित परिवार ने कथा की जानकारी दी है। कथावाचक आचार्य महेश पाण्डेय शास्त्री महाराज श्रीधाम वृन्दावन मैहर होंगे।

### खेरवा कला ग्राम वासियों की परेशानियां हुई दूर, 25 की जगह लगा 63 केवी का ट्रांसफार्मर

**मैहर।** विगत कई दिनों से मैहर क्षेत्र के ग्राम खेरवा कला में लगा बिजली ट्रांसफार्मर ओवरलोड के चलते जल गया था, जिससे ग्रामवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।ग्राम खेरवा के निवासी भाजपा मंडल महामंत्री राजेंद्र विश्वकर्मा द्वारा यह जानकारी मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी को दी गई। विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने तत्काल इस मामले को संज्ञान में लिया और संबंधित विभाग को खेरवा कला में नया ट्रांसफार्मर लगाने का निर्देश दिया।पूर्व में 25 केवी का ट्रांसफार्मर लगा हुआ था, लेकिन विधायक के प्रयास से उसकी जगह 63 केवी का अधिक क्षमता वाला ट्रांसफार्मर ग्राम में लगवाया गया।इस पहल पर ग्राम खेरवा कला के सभी ग्रामवासियों एवं किसान भाइयों ने मैहर विधायक का आभार व्यक्त किया है।

## मैहर में प्रशासन का 'न्याय-विराम': आयुक्त व हाईकोर्ट के आदेश ठप्प, करोड़ों की दान राशि डूबने की जिम्मेदारी कौन लेगा?



**मैहर।** धार्मिक आस्था की धरती मैहर में प्रशासनिक निष्क्रियता का माहौल है, जहाँ आयुक्त रीवा के स्पष्ट आदेशों और उच्च न्यायालय के बाध्यकारी निर्देशों का पालन नहीं हो रहा है। कलेक्टर मैहर की लगातार खामोशी इस बात का संकेत दे रही है कि वैधानिक प्रक्रियाएँ केवल औपचारिकता बनकर रह गई हैं। देवीजी समिति व्यवस्था से जुड़े विवादित प्रकरण में वर्ष की शुरुआत में आयुक्त रीवा ने तत्कालीन प्रशासक की मनमानी, वित्तीय अनियमितताओं और कदाचार को प्रमाणित किया था। आदेशों में रोपवे संचालन में टैरिफ के मनमाने निर्धारण और कोविड अवधि में दिए गए अनाधिकृत एक्सटेंशन को करोड़ों की प्रत्यक्ष आर्थिक क्षति का कारण बताया गया था। इसके बावजूद, जिम्मेदारी तय कर वसूली सुनिश्चित करने तथा अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश वर्ष समाप्ति तक भी एक इंच आगे नहीं बढ़े हैं और कलेक्टर कार्यालय की फाइलों में दबे पड़े हैं। उच्च न्यायालय के आदेशों के पालन में भी यही लापरवाही सामने आई है। अदालत में लंबित अवमानना याचिका के बावजूद प्रशासन का मौन और नकारात्मक रुख यह दर्शाता है कि कानूनी दायित्वों की चिंता प्रशासन के एजेंडा से गायब है। इसी ढिलाई के कारण समिति को होने वाली करोड़ों की हानि लगातार बढ़ रही है, जिसका सीधा दुष्प्रभाव श्रद्धालुओं की व्यवस्थाओं पर पड़ रहा है। सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि जब शासन, आयुक्त और हाईकोर्ट तीनों के आदेश ही ठप कर दिए जाएँ तब न्याय कहाँ से मिलेगा? प्रशासन का यह 'न्याय-विराम' तंत्र की विश्वसनीयता पर गहरा प्रहार है।

## फायरिंग की झूठी रिपोर्ट दर्ज कराने वाले आरोपी गिरफ्तार, सलाखों के पीछे



### पुरानी रंजिश में फंसाने के लिए रची साजिश; टावर लोकेशन से खुला झूठा केस

**सतना।** नागौद पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए हत्या के प्रयास की झूठी रिपोर्ट दर्ज कराने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सतना और अनुविभागीय अधिकारी पुलिस नागौद के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक पाण्डेय के नेतृत्व में की गई। फरियादी समीर सौदागर उम्र 22 वर्ष, निवासी पवई, हाल नागौद ने थाना नागौद में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि निशांत सिंह और दो अन्य व्यक्तियों ने पुरानी रंजिश के चलते, शंकर बाग के पास उसे रोककर मां-बहन की गालियां दीं और जान से मारने की नियत से उसके ऊपर कट्टे से फायर कर दिया। गोली समीर के बाएँ हाथ की छोटी उंगली के पास लगी, जिससे वह घायल हो गया। इस रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 864/25 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।

#### विवेचना में खुली सच्चाई

जांच के दौरान सामने आए तथ्यों ने घटना की पूरी कहानी पलट दी। पुलिस को पता चला कि फरियादी समीर सौदागर ने घटना दिनांक को अपने साथियों संजय बेलदार, प्रदीप प्रजापति, राजाबाबू ताम्रकार, दिल्लू मुसलमान, और हिमांशु यादव उर्फ मन्ते यादव के साथ मिलकर गांजा पिया था। गांजा पीने के बाद, जब ये सभी प्रदीप प्रजापति की किया कंपनी की कार क्र. MP19 NF 6681 में पीपल चौराहा तरफ जा रहे थे, तब समीर सौदागर अपने पास रखे कट्टे से 'स्नैप वीडियो' बना रहा था। बेहनान मोहल्ला की पुलिया क्रॉस करते ही अचानक कट्टे से फायर हो गया, जिससे समीर सौदागर के बाएँ हाथ के पंजे और छोटी उंगली में गंभीर चोट आई।

#### झूठी कहानी बनाने का खुलासा

गोली लगने के बाद, समीर और उसके साथियों ने मिलकर पुरानी रंजिश के चलते आरोपी निशांत सिंह को फंसाने के लिए एक झूठी और मनगढ़ंत कहानी बनाई और थाना नागौद में झूठी रिपोर्ट दर्ज कराई। विवेचना में पाया गया कि समीर सौदागर द्वारा लगाए गए आरोप झूठे थे। मुख्य आरोपी बताए गए निशांत सिंह की मोबाइल टावर लोकेशन घटना के समय पुणे(महाराष्ट्र) में पाई गई, जिससे यह प्रमाणित हुआ कि निशांत घटना में शामिल नहीं था। फरियादी एवं उसके साथियों द्वारा झूठी घटना स्थल बनाकर, मनगढ़ंत कहानी रचकर पुरानी रंजिश को लेकर रिपोर्ट दर्ज कराने पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध धारा 217,229,231,238,248,125,3(5) बी एन एस और 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया। गिरफ्तारी एवं जप्ती नागौद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मंते उर्फ हिमांशु यादव पिता मूलचंद यादव, उम्र 21 वर्ष, निवासी अहिरान टोला नागौद संजय बेलदार पिता बाल्मीक बेलदार, उम्र 25 वर्ष, निवासी अहिरान टोला नागौद प्रदीप प्रजापति पिता रामजी प्रजापति, उम्र 24 वर्ष, निवासी गायमिलौनी गंज परसमनियां रोड उचेहरा गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहाँ से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त किया कंपनी की कार क्र. MP19 NF 6681, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 17 लाख रुपये है, आरोपी प्रदीप प्रजापति से जब्त की है।

## भारतीय मजदूर संघ ने सौंपा 46 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन



**सतना।** भारतीय मजदूर संघ मध्यप्रदेश की जिला इकाई द्वारा सोमवार को श्रमिक कर्मचारियों की 46 सूत्रीय मांगों के निराकरण के संबंध में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम सिटी राहुल सिलाडिया को सौपा। इनकी मांगों में संगठित एवं असंगठित क्षेत्र, शासकीय निजी उद्योग क्षेत्र के नियमित संविदा, आउटसोर्स, दैनिक वेतन अशकालीन, श्रमिक कर्मचारियों, पेंशनर एवं वरिष्ठ नागरिकों की प्रमुख लंबित मांगों का निराकरण कराया जाना शामिल है। भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य एकत्रित होकर रैली की शक्ल में कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे यहां उन्होंने मांगों का मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम सिटी को सौपकर मांगों के शीघ्र निराकरण कराये जाने की मांग की। इस मौके पर भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारी और बडी संख्या में सदस्य शामिल रहे।

### पाला में रोड़ निर्माण का भूमि पूजन, विधायक हुए शामिल

**मैहर।** मैहर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पाला में लंबे समय से चली आ रही रोड निर्माण की मांग आज पूरी हुई। विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने स्कूल से लेकर नेशनल हाईवे तक के इस महत्वपूर्ण रोड का भूमि पूजन किया।बच्चों के आवागमन के लिए अत्यंत आवश्यक इस रोड के निर्माण से ग्रामीण जनों में काफी हर्ष और खुशी का माहौल है। विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी इस भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष कमलेश सुहाने, जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, जिला पंचायत सदस्य राजेश परोहा, जनपद सदस्य, सरपंच एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।



## एक दिन में 20 कृत्रिम गर्भाधान के लक्ष्य और ई-अटेंडेंस की समस्याओं के निवारण हेतु पशु चिकित्सकों ने सौंपा ज्ञापन



**सतना।** सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी संघ ने कृत्रिम गर्भाधान के लिए निर्धारित किए गए अत्यधिक लक्ष्य और 'सार्थक एप' के माध्यम से लागू ई-अटेंडेंस (ई-उपस्थिति) की समस्याओं को लेकर कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस और मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नाम ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में पशु चिकित्सकों ने बताया कि कृत्रिम गर्भाधान एक पूर्णतः प्राकृतिक कार्य है, लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा अनुचित दबाव बनाकर रोज़ाना 20कृत्रिम गर्भाधान का लक्ष्य दिया जा रहा है। उनका कहना है कि यह लक्ष्य पूरी तरह से भ्रामक है और केवल कागजी आंकड़े तैयार करने के लिए है, जिससे पशुपालकों को कोई लाभ नहीं होगा। चिकित्सकों ने तर्क दिया कि मादा पशु का ऋतुकाल (हीट) में आना, पशु का उपलब्ध होना, और पशुपालक द्वारा उचित समय (6 से 8 घंटे के मध्य) पर सूचना देना-ये तीनों कारक उनके नियंत्रण में नहीं हैं, फिर भी विभाग ने पशु संगणना के आंकड़ों के आधार पर गणितीय डेटा बनाकर प्रतिदिन का लक्ष्य निर्धारित किया है।इसके अलावा, उन्होंने 'सार्थक एप' के माध्यम से सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक अनिवार्य उपस्थिति (ई-अटेंडेंस) पर आपत्ति जताई। चिकित्सकों ने बताया कि उनकी संस्थाओं की सीमाएँ लगभग 10 से 20किलोमीटर तक फैली हैं और एक गर्भाधान में औसतन 1घंटे का समय लगता है, ऐसे में 20 गर्भाधान संभव नहीं हैं। साथ ही, उपचार, औषधि वितरण, बधियाकरण, और टीकाकरण जैसे मूल विभागीय कार्य, जो अक्सर सुबह 7 बजे से पशु मालिक के घर जाकर किए जाते हैं, वे इस निर्धारित उपस्थिति समय के कारण प्रभावित हो रहे हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में डी.पी.सिंह एवीएफओ अध्यक्ष, एस. के. शास्त्री उपाध्यक्ष सहित अन्य कई पशु चिकित्सक और अधिकारी शामिल रहे।

### निकाह कबूल कर 5 जोड़ी ने की जिंदगी की नई शुरुआत, इस्लामियां कमेटी कुलगढ़ी ने आयोजित किया सामूहिक विवाह सम्मेलन



**सतना।** विगत कई वर्षों की परंपरा को निभाते हुए, इस वर्ष भी इस्लामिया कमेटी कुलगढ़ी द्वारा 5 जोड़ों का रस्मो-रिवाज के साथ सामूहिक विवाह संपन्न कराया गया। इस सम्मेलन में निम्न जोड़ों ने निकाह कबूल किया: रूकसार बी तनबीर अहमद सबिया मो.वाहिद सूफिया, राइन मो.अरमान सबीना फातिमा, मो.नसीरुद्दीन मुसादिक मेवेगर मो.उमर कादरी कमेटी के सदस्य करामत अली ने बताया कि इस सामूहिक विवाह सम्मेलन की समस्त व्यवस्थाएँ कमेटी स्वयं करती है, जिसमें मेहमानों के रहने और भोजन की व्यवस्था के साथ-साथ नवविवाहित जोड़ों को तोहफे के रूप में गृहस्थी का पूरा सामान भी प्रदान किया जाता है। सम्मेलन को सफल बनाने में मशहूद अहमद शेरू, मो एहतराम, हाजी परवेज, और अन्य कई कमेटी सदस्य और ग्रामीण शामिल रहे।



खबर संक्षेप

## 16 वर्षीय किशोरी ने फांसी लगाकर दी जान



**अमानगंज।** पुलिस थाना अमानगंज क्षेत्र अंतर्गत रविवार रात को बिल्हा ग्राम में एक हृदयविदारक घटना सामने आई, जहां अज्ञात कारणों के चलते 16 वर्षीय किशोरी गुड़िया, पिता संत कुमार कुशवाहा ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय वह घर पर अकेली थी। परिजनों ने जब किशोरी को फंदे से लटका देखा तो तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। और परिजन गुड़िया को लेकर अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां डॉक्टर ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची और पंचनामा कार्यवाही के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस के मुताबिक आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। परिजनों व आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है, साथ ही घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। पुलिस ने सोमवार को दोपहर 12:00 बजे पूरे मामले को लेकर मर्ग कायम कर लिया है और जांच जारी है। ग्रामवासियों के अनुसार गुड़िया शांत स्वभाव की लड़की थी, जिसके इस तरह के कदम से पूरा गांव स्तब्ध है। घटना के बाद परिवार तथा गांव में शोक का माहौल व्याप्त है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट और प्रारंभिक जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई कर रही है।

## कन्या शाला, मॉडल में हुआ जागरूकता अभियान संपन्न



**पवई।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विभाग जन साहस पन्ना टीम के द्वारा सोमवार को पवई के शासकीय मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल हिनौता में जागरूकता कैंप आयोजित किया गया जिसमें सुरक्षित पलायन, बाल अधिकार, महिला हिंसा के बारे में जानकारी दी।इसके साथ ही शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पवई में भ्रमण कर छात्राओ को मुस्कान अभियान के तहत जानकारी दी एवं पवई थाना में एक्सपोजर विजिट करवाया गया, जिसमें छात्राओं को पूरे थाना परिसर में घुमाया गया और पुलिस थाना की कार्य प्रणाली से अवगत कराया,जिसमें मॉल खाना, बंदी ग्रह, शास्त्रागार की जानकारी के साथ उनको विस्तार पूर्वक साइबर क्राइम को लेकर जानकारी दी एवं शिक्षा के महत्व को बताया कि हमें शिक्षा कितनी आवश्यक है कैरियर को लेकर के छात्राओ को प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में समस्त पवई थाना स्टाफ जिसमें मुख्य रूप से थाना प्रभारी त्रिवेन्द्र त्रिवेदी, उप निरीक्षक एम एल कोल के साथ जन साहस संस्था से जिला समन्वयक मइयादीन चौधरी, कल्लू लाल अहिरवार एवं टीम साथी और विद्यालय से शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

## व्यापारी संघ देवेंद्रनगर द्वारा कलेक्टर पन्ना के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**पन्ना।** देवेंद्रनगर से होकर गुजरने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग 39 लंबे समय से जर्जर अवस्था में है जिसके कारण स्थानीय निवासियों एवं राहगीरों को ढेर सारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है जिसमें धूल के कारण शारीरिक बीमारी एवं रोड खराब होने के कारण एक्सीडेंट होना आम बात हो गई है इसी संबंध में आज देवेंद्र नगर व्यापारी संघ द्वारा देवेंद्रनगर तहसीलदार,नगर परिषद सीएमओ एवं थाना देवेंद्रनगर को रोड संबंधी समस्याओं से अवगत कराते हुए कलेक्टर पन्ना के नाम ज्ञापन सोपा जिसमें सात दिन में रोड संबंधी समस्या का हल करने का निवेदन किया।यदि सात दिन तक रोड संबंधी शासन द्वारा कोई प्रतिक्रिया नहीं होती तो मजबूरन व्यापारी संघ द्वारा जनता हित में चक्का जाम प्रदर्शन के जैसे कार्य किए जाएंगे जिसकी पूर्ण रूपेण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।ज्ञापन देने में व्यापारी संघ अध्यक्ष शिव बालक नायक सचिव शिरीष अग्रवाल एवं समस्त व्यापारी वर्ग इस ज्ञापन में शामिल हुए।

# भाजपा नेता के अनुज पर या फिर थाना प्रभारी किस पर होगी कार्यवाही

## फिलहाल पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के पास दोनों तरह के आवेदन








**थाना प्रभारी के विरूद्ध थाना धरमपुर में भाजपा नेता के अनुज के नेतृत्व में जहां विरोध प्रदर्षन व एफआईआर की मांग वहीं भाजपा के अनुज के खिलाफ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर कुछ लोगों ने थाना प्रभारी के कार्यों को नेक जताया चर्चा का विषय आखिर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी क्या लेते है संज्ञान में। आखिर किस पर होगी कार्यवाही सबकी नजर?**

**पन्ना।** जिले में हालात कानून व्यवस्था का पालन कराये जाने को लेकर जहां पुलिस को ही प्रमुख जिम्मेदारी को लेकर माना जाता है। वहीं पुलिस के खिलाफ भी आक्रोष थाना धरमपुर में जो विगत दिवस घटना सामने आई है जिसमें भाजपा के वरिष्ठ नेता सतानंद गौतम के अनुज रामबाबू गौतम जो स्वयं थाना धरमपुर में पहुंचकर आम जनता के लोगों के साथ अपनी मांग सोषल मीडिया में करते हुए नजर आ रहे है कि थाना प्रभारी ने मेरे साथ गाली-गलौच करते हुए अभ्रदता की है। मैं एक सरपंच पति हूं वहीं आम आदमी का क्या हाल होता होगा। जब मेरे साथ ये हाल हुए हम एफआईआर की मांग करते है। वहीं दूसरी तरफ थाना प्रभारी अनिल सिंह राजपूत से सीधी बात की तो पता चला कि ग्रामीणों ने आवेदन किया कि रात्रि में हमारे गांव के बीच से रेत से भरे ट्रेक्टर तेज गति से निकलते है कभी भी दुघर्टना घटित हो सकती है। जिसे रोकने को लेकर जो आवेदन दिया उस पर संज्ञान में लेते हुए ट्रेक्टर वहां से न निकलाने के लिए कहा गया था मैने किसी भी तरह की कोई अभ्रदता नहीं की और न ही गाली-गलौच की। अब यह मामला हाई-फाई हो जाता है क्योंकि भाजपा के वरिष्ट नेता सतानंद गौतम जो राजनैतिक रूप से भाजपा के कद्दावर नेता जिले में तो माने ही जाते है पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष है वर्तमान में प्रदेषकार्य समिति के सदस्य भी है। इस तरह से यहां विगत दिवस जो घटना घटी है एक तरफ थाना प्रभारी के खिलाफ रामबाबू गौतम जो स्वयं थाना प्रभारी के खिलाफ एफआईआर की मांग को लेकर आवेदन देकर कार्यवाही चाह रहे है आम जनता के सामने थाना के सामने ही अपनी बात को बुलंदी के साथ रख रहे थे वहीं जिस तरह से थाना धरमपुर में यह घटना घटित हुई है उसको लेकर दूसरी तरफ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर ग्रामीणों ने थाना प्रभारी के पक्ष में नेक कार्यो को लेकर आवेदन दिया है। वहीं बालू माफिया का करार देते हुए कार्यवाही की मांग की है। अब सवाल यह उठता है कि पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी इस मामले में कब और क्या कार्यवाही करेगें सबकी है नजर। क्योंकि एक तरफ भाजपा के वरिष्ठ नेता के अनुज का मामला वहीं दूसरी तरफ थाना प्रभारी धरमपुर अनिल सिंह राजपूत को लेकर भी कहीं न कहीं कार्यवाही को लेकर जिस तरह से उन्हीं के थाने में उन्हीं के खिलाफ एफआईआर की मांग की गई है देखना यह कि होता है क्या आखिर कानून का पालन कराये जाने वाली पुलिस के खिलाफ होगी कार्यवाही या फिर भाजपा नेता के अनुज के खिलाफ आखिर यह घटना जिस तरह से सोषल मीडिया में विगत दिवस से ही सुर्खियां बनी हुई है वहीं अब मामला पुलिस अधीक्षक पन्ना से भी मोबाईल पर बात करने की कोषिष की गई पर बात नहीं हो सकी। देखना यह है कि आगे होता है क्या? वहीं राजनैतिक रूप से मामला भाजपा सत्तारूढ़ दल के विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह जिनकी विधानसभा का मामला है आखिर एक बार धरमपुर थाने की घटना को लेकर फिर तरह-तरह के सवाल कयासों के दौर में है। आखिर इस घटना को लेकर होगा क्या। मामला रेत से भी जुडा हुआ है क्योंकि रेत के भरे ट्रेक्टर जो निकाले जा रहे है जिन्हें रोकने को लेकर जो प्रयास किया गया उसका विरोध थाना प्रभारी को भी अपने थाने में ही देखने को मिल गया। हालात जिले में किस तरह से बने हुए है यह भी चर्चा का विषय है। इस मामले में ग्रामीणों ने खनिज विभाग को आवेदन क्यों नहीं दिया रेत के अवैध करोबार व ट्रेक्टरों को रोकने को लेकर वहीं थाना प्रभारी ने ही टेक्टरों को रोकने को लेकर कार्यवाही पर जो संज्ञान लिया है अपने आप में कई तरह के सवाल स्वयं ही प्रष्न बन चुके है जिसका जवाब जिम्मेदारों के पास ही है आखिर रेत के अवैध कारोबार को लेकर किस तरह के हालात है यह किसी से छिपे नहीं है वहीं पन्ना विधानसभा के अजयगढ़ के क्षेत्र में केन नदी व खेतों से रेत का कारोबार किस तरह से फलफूल रहा है इस पर कार्यवाही क्यों नहीं होती। कौन करेगा कार्यवाही यहां स्वयं ही कार्यवाही करने वालों पर अपनी कार्यवाही का भय बन जाता है। तभी तो हालात इस तरह के पहले पुलिस का सहारा सुरक्षा को लेकर लोग मानते थे अब पुलिस भी सुरक्षित नहीं। थाने में भी लोगों का आक्रोष पुलिस के खिलाफ ही होता है क्या सबकी नजर इस घटना के बाद किस पर होगी कार्यवाही थाना प्रभारी पर या फिर भाजपा नेता के अनुज रामबाबू गौतम को लेकर सबकी नजर।

# मुख्यमंत्री का शाहनगर भ्रमण, कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने बैठक लेकर की तैयारियों की समीक्षा






**पन्ना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 19 नवम्बर को पवई विधानसभा अंतर्गत शाहनगर में आयोजित शासकीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के बुधवार को पन्ना जिले में प्रवास कार्यक्रम के दृष्टिगत कलेक्टर ऊषा परमार एवं पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की। इस मौके पर विभागीय अधिकारियों को सभी आवश्यक प्रबंध के संबंध में गंभीरतापूर्वक दायित्वों का निर्वहन करने के लिए निर्देशित किया गया। कलेक्टर श्रीमती परमार ने समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री की घोषणाओं, कार्यक्रम स्थल तक पहुंच मार्ग दुरूस्त कराने, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, पेयजल एवं चलित शौचालयों की व्यवस्थाओं सहित हितग्राहियों के हितलाभ वितरण, प्रत्येक सेक्टर एवं दीर्घा में उचित बैठक व्यवस्था एवं भीड़ प्रबंधन, एम्बुलेंस एवं मेडिकल टीम की तैनाती सहित हेल्थ कैंप आयोजन के संबंध में निर्देश दिए। साथ ही प्राधिकार पत्र, खाद्य सुरक्षा अधिकारी की उपलब्धता तथा विकास कार्यों के डिजिटल लोकार्पण व विभागवार स्टॉल एवं प्रदर्शनी के संबंध में भी नियमानुसार समय सीमा में आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक द्वारा सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा कर आम जनता की सुविधाओं तथा यातायात व पार्किंग व्यवस्था के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। अधिकारीद्वय ने कहा कि अनिवार्य रूप से एक दिवस पूर्व तक विभाग स्तर पर सभी वांछित तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं। किसी भी समस्या अथवा संभावित मुद्दों के संबंध में समय पूर्व अवगत कराएं। बैठक में जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी सहित अतिरिक्त सीईओ अशोक चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वंदना चौहान, परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार एवं अन्य विभागीय अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

### कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण

कलेक्टर ऊषा परमार ने शाहनगर में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मुख्य आतिथ्य में प्रस्तावित हितग्राही सम्मेलन कार्यक्रम के मद्देनजर रविवार को अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण भी किया और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समय पूर्व अपेक्षित कार्यवाही पूर्ण करने तथा सभी जरूरी इंतजाम सुनिश्चित करने के लिए कहा। जिला कलेक्टर ने हेलीपैड सहित कार्यक्रम स्थल पर सेक्टरवार बैठक व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इसके अलावा विभागीय अधिकारियों से आम जनता एवं हितग्राहियों के आवागमन के लिए प्रवेश व निकास द्वार सहित अन्य व्यवस्थाओं के बारे में भी पूछा। इस अवसर पर उन्होंने विभागीय अधिकारियों को क्षेत्रीय जनता की सुविधा के उद्देश्य से ग्राम पंचायत सचिव एवं सरपंच को भी पाबंद करने के निर्देश दिए।

# गुनौर नगर में आवारा पशुओं का लगता है जमावड़ा कलेक्टर के आदेश का नहीं हो रहा पालन

## गौशाला कागजों पर हो रहीं संचालित, संचालक पशुओं के भोजन का पैसा डकार रहे

गुनौर। नगर में आवारा पशुओं का सड़कों पर जमावड़ा एक बड़ी समस्या बन गई है। कलेक्टर के आदेश के बावजूद इस समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। शहर की प्रमुख सड़कों, चौराहों और बाजार क्षेत्रों में आवारा पशुओं का झुंड खुलेआम घूमता नजर आता है, जिससे यातायात व्यवस्था अव्यवस्थित हो रही है और सड़क हादसों का खतरा बढ़ रहा है।

### समस्या के कारण-



पशुपालकों की लापरवाही पशुपालक अपने पशुओं को खुला छोड़ देते हैं, जिससे वे सड़कों पर घूमने लगते हैं।, प्रशासनिक कार्रवाई की कमीरू कलेक्टर के आदेश के बावजूद प्रशासनिक अधिकारी इस समस्या का समाधान नहीं कर पा रहे हैं।, जागरूकता की कमीरू लोगों में जागरूकता की कमी के कारण वे अपने पशुओं को सड़कों पर छोड़ देते हैं।

### समस्या के प्रभाव-

सड़क हादसे आवारा पशुओं के कारण सड़क हादसे हो रहे हैं, जिसमें लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ रहा है।, यातायात व्यवधानरू आवारा पशुओं के कारण यातायात व्यवस्था अव्यवस्थित हो रही है, जिससे लोगों को परेशानी हो रही है।, आवारा पशुओं के कारण किसानों की फसलों को भारी नुक्सान होता है।

### समाधान-

आम जन कहना है कि गौशाला संचालकों पर प्रशासन को निगरानी रखनी चाहिए तथा लापरवा संचालकों पर कार्यवाही भी होना चाहिए।, नगर परिषद गुनौर एवं क्षेत्र में गौ शाला संचालित हो रही है परंतु रख रखाव व्यवस्था सिर्फ कागजों पर ही हो रही है।, गौ संचालन आवारा पशुओं को रजिस्टर में चढ़ा कर आवारा छोड़ दिया जाता है तथा पशुओं के भोजन के लिए जो पैसा आता है संचालक डकार जाते है जिस पर प्रशासन ध्यान नहीं देता न ही संचालकों पर कार्यवाही होती। जागरूकता अभियानरू लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए अभियान चलाने होंगे, जिससे वे अपने पशुओं को सड़कों पर न छोड़ें इस समस्या का स्थायी समाधान निकालने के लिए प्रशासन को ठोस कदम उठाने होंगे।

# पन्ना हीरा को जीआईटैग मिलना जिले की ऐतिहासिक उपलब्धि- मनोज केशरवानी



**पन्ना। राष्ट्रीय व्यापारी संघ (कैट) के जिला अध्यक्ष मनोज केशरवानी ने कहा कि पन्ना हीरे को भारत सरकार से भौगोलिक संकेतक टैग (जीआई टैग) मिलना पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है। यह उपलब्धि पन्ना की प्राकृतिक धरोहर, सांस्कृतिक विरासत और प्रशासनिक प्रयासों का परिणाम है, जिसने जिले की पहचान को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किया है।**

श्री केशरवानी ने बताया कि इस प्रक्रिया की नींव तत्कालीन कलेक्टर संजय कुमार मिश्र (आईएएस) के कार्यकाल में रखी गई थी। उनके नेतृत्व में पन्ना कलेक्टोरेट की हीरा शाखा ने संपूर्ण दस्तावेज़, वैज्ञानिक एवं ऐतिहासिक प्रमाणों सहित आवेदन तैयार कर 7 जून 2023 को प्रस्तुत किया था, जिसे अब स्वीकृति प्राप्त हुई है। उन्होंने इस महत्वपूर्ण प्रयास में जुड़ी पूरी टीम की सराहना की। पूर्व खनिज मंत्री एवं वर्तमान विधायक ब्रजेन्द्र प्रताप सिंह की सक्रिय भूमिका की प्रशंसा करते हुए श्री केशरवानी ने कहा कि उनके मार्गदर्शन में पन्ना के खनिज संसाधनों के संरक्षण और संवर्धन के लिए निरंतर कार्य हुआ है। उन्होंने सदैव स्थानीय परंपराओं को सशक्त बनाने और पन्ना को राष्ट्रीय खनिज मानचित्र पर अग्रणी स्थान दिलाने में अहम भूमिका निभाई है। नवागत कलेक्टर श्रीमती उषा परमार से उम्मीद जताई है। कि श्रीमती परमार के नेतृत्व में जिला प्रशासन द्वारा जी.आई. टैग मिलने के बाद इसके व्यावहारिक लाभों को जनता तक पहुँचाने, हीरा उद्योगों को प्रोत्साहित करने और स्थानीय रोजगार सृजन की दिशा में उल्लेखनीय कदम उठाए जाएंगे। श्री केशरवानी ने कहा कि इस मान्यता से “पन्ना हीरा” को कानूनी संरक्षण, वैश्विक पहचान और आर्थिक मजबूती प्राप्त होगी। साथ ही स्थानीय खनिक, कारीगर और व्यापारी वर्ग को नए अवसर मिलेंगे। इससे पन्ना जिले से मजदूरों का पलायन रुकेगा ।यह सफलता पूरे पन्ना जिले की मेहनत, प्रशासनिक दूरदर्शिता और सामूहिक समर्पण का जीवंत प्रतीक है।भविष्य में पन्ना का हीरा उद्योग पर्यटन को बढ़ावा देने में बड़ी भूमिका निभाएंगा।

# मारपीट के प्रकरण में फरार कुख्यात आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा गया जेल

### आरोपी पर पूर्व में मारपीट एवं गंभीर धाराओं में 13 प्रकरण है दर्ज




**पन्ना।** जिले में फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू द्वारा विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत सभी थाना क्षेत्रों में विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया है, जो वांछित एवं सूचीबद्ध अपराधियों की सतत तलाश कर रही हैं। इसी क्रम में अजाक थाना के अपराध क्रमांक 03/25 (मारपीट संबंधी प्रकरण) में फरार चल रहा कुख्यात आरोपी सगीर उर्फ छोटू खान, जिसके विरुद्ध मारपीट एवं अन्य धाराओं में कुल 13 प्रकरण दर्ज हैं, के इन्द्रपुरी कॉलोनी क्षेत्र में होने की सूचना मुखबिर द्वारा प्राप्त हुई। सायबर सेल टीम पन्ना की सहायता एवं मुखविर सूचना के आधार पर थाना प्रभारी अजाक निरीक्षक रामहर्ष सोनकर के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा तत्काल दबिश दी गई, जिसके परिणामस्वरूप आरोपी सगीर उर्फ छोटू खान को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी को विधि संगत कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

### नाम पता आरोपी-

सगीर मोहम्मद उर्फ छोटू पिता सफीक मोहम्मद उम्र 33 साल निवासी बीड़ी कॉलोनी पुराना पन्ना जिला पन्ना।

### सराहनीय योगदान -

इस कार्यवाही में थाना प्रभारी अजाक निरीक्षक रामहर्ष सोनकर एवं सायबर सेल पन्ना टीम का सराहनीय योगदान रहा। जिले में फरार एवं वांछित अपराधियों के विरुद्ध पन्ना पुलिस की कार्रवाई आगे भी इसी दृढ़ता से जारी रहेगी।

# अपहृत नाबालिक बालिका को दस्तयाब कर किया परिजनों के सुपुर्द



**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के द्वारा पन्ना जिले के समस्त थाना/ चौकी प्रभारियों को अपहृत बालक/बालिकाओं की अधिक से अधिक दस्तयाबी हेतु निर्देशित किया गया है। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान एवं पन्ना जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना प्रभारियों/चौकी प्रभारियों के नेतृत्व में थाना/चौकी स्तर पर पुलिस टीमों का गठन किया गया है। इसी तारतम्य में थाना अमानगंज के अप.क्र. 589/25 धारा 137(2) बी एन एस में अपहृत नाबालिक बालिका को अमानगंज पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 17/11/25 को दस्तयाब किया गया है। मामले में फरियादी द्वारा थाना अमानगंज में रिपोर्ट की गई थी कि कोई अज्ञात व्यक्ति फरियादी की लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना अमानगंज में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपहरण का अपराध क्रमांक 589/25 धारा 137(2) बी एन एस कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया। मामले में थाना प्रभारी अमानंगज उनि रवि सिंह जादौन के नेतृत्व में थाना स्तर पर गठित पुलिस टीम द्वारा अपहृत बालिका की तलाश पतारसी हेतु लगातार प्रयास किये गये साथ ही अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। जिसके फलस्वरूप मुखबिर सूचना के आधार पर मामले की अपहृता को कस्बा अमानगंज से दस्तयाब किया जाकर परिजनो के सुपुर्द किया गया है। उपरोक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी अमानगंज उनि रवि सिंह जादौन एवं थाना पुलिस टीम का सराहनीय योगदान रहा पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उपरोक्त पुलिस टीम द्वारा किये गये कार्य की प्रशंसा की गई है।

खबर संक्षेप

## डिवाइडर निर्माण में लापरवाही के चलते हुआ बड़ा हादसा



**बकस्वाहा।** जबलपुर-छतरपुर मुख्य मार्ग पर बकस्वाहा में डिवाइडर युक्त सड़क का निर्माण कार्य पिछले 11 महीनों से अपनी कछुआ गति से चल रहा है। डिवाइडर निर्माण के दौरान उपयोगी सुरक्षा उपकरणों का उपयोग नहीं किया जा रहा जिसके चलते कॉटन से भरा ट्रक क्रमांक एचआर39 एफ 0702 हादसे का शिकार हो गया। घटना रविवार रात तकरीबन 11बजे की है। ट्रक चालक ने जानकारी देते हुए बताया कि वह हॉस्पिटल में उपयोग होने वाला कॉटन से भरा ट्रक लेकर जबलपुर जा रहा था। बकस्वाहा में सड़क पर हो रहे डिवाइडर निर्माण कार्य स्थल पर कोई बेरिकेटिग, रेडियम बोर्ड और रिविन जैसे सुरक्षा उपकरण नहीं लगाए गए थे जिस वजह से ट्रक अचानक डिवाइडर से टकराकर पलट गया। ट्रक पलटने के बाद जैसे ही स्थिति सामान्य हुई मैंने सड़क किनारे रखे बैरीकेट को डिवाइडर के पास रख दिए जिससे अन्य वाहन दुर्घटना से बच सकें। सड़क हादसों को रोकने के उद्देश्य से डिवाइडर का निर्माण कराया जा रहा है लेकिन अभी महज 50 मीटर ही डिवाइडर का निर्माण नहीं हो पाया और एक बड़ा सड़क हादसा सामने आ गया। ठेकेदार द्वारा निर्माण के दौरान की जा रही नियमों की अनदेखी आम लोगों पर भारी पड़ रही है। वहीं जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है।

## भाजपा सांसद के नेतृत्व में राजनगर व चंदला विधानसभा में निकली यूनिटी मार्च पदयात्रा



**खजुराहो।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद वी. डी. शर्मा के नेतृत्व में राजनगर एवं चंदला विधानसभा क्षेत्रों में भव्य यूनिटी मार्च पदयात्रा निकाली गई। इस पदयात्रा में क्षेत्रीय विधायक अरविंद पटेरिया के साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीण शामिल हुए। यात्रा राजनगर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम ललपुर, तालगांव से होते हुए भभुआ तक निकाली गई, जहां स्थान-स्थान पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। सोमवार 17 नवंबर को चंदला विधानसभा के कटहरा, मड़वा एवं रतनपारा में भी पदयात्रा आयोजित की गई, जिसमें मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री दिलीप अहिरवार, विधायक अरविंद पटेरिया, जिला अध्यक्ष चंद्र भान सिंह गौतम एवं प्रदेश उपाध्यक्ष नंदिता पाठक विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कटहरा में संबोधित करते हुए सांसद वी. डी. शर्मा ने कहा कि सरदार पटेल ने भारत को एक सूत्र में बांधने का ऐतिहासिक कार्य किया। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके आदर्शों पर चलते हुए महिला सशक्तिकरण, गरीब कल्याण और सर्वांगीण विकास के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि खजुराहो में सरदार वल्लभभाई पटेल की विशाल प्रतिमा का अनावरण भी शीघ्र ही मुख्यमंत्री द्वारा किया जाएगा।

### ग्रामीणों में बढ़ा आक्रोश, कार्रवाई की उठाई मांग

# बिजली विभाग की लापरवाही से प्राइवेट कर्मचारी की दर्दनाक मौत



**बड़ामलहरा।**

जनपद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत रामटौरिया के गुल्लन खेरा गाँव में सोमवार सुबह 11 बजे एक दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर दिया। बिजली विभाग की कथित लापरवाही के चलते विभाग के लिए वर्षों से कार्यरत प्राइवेट कर्मचारी हरबल लोधी (40) की मौके पर ही करंट लगने से मौत हो गई। घटना से जहां पूरे गाँव में मातम पसरा है, वहीं ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हरबल लोधी ट्रांसफार्मर पर आवश्यक मरम्मत कार्य कर रहे थे। उन्होंने लाइन बंद कराने के लिए विभागीय कर्मचारियों को फोन भी किया था, लेकिन या तो शटडाउन ठीक से नहीं लिया गया या गंभीर लापरवाही के चलते अचानक लाइन चालू कर दी गई। जैसे ही हरबल ने तार को पकड़ा, उन्हें तेज करंट ने अपनी चपेट में ले लिया। देखते ही देखते उनका पूरा शरीर बुरी तरह झुलस गया और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया हरबल मेहनती और जिम्मेदार इंसान था। इस दुर्घटना की जिम्मेदारी सीधे विभाग की है। हमारी आँखों के सामने एक बेकसूर की जान चली गई। अब उसके बच्चों का सहारा कौन बनेगा। घटना के बाद ग्रामीणों ने मौके पर ही प्रदर्शन शुरू कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि यह साधारण हादसा नहीं, बल्कि विभाग की लापरवाही का नतीजा है। ग्रामीणों ने मांग की है कि लापरवाह कर्मचारी पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज दर्ज कर गिरफ्तार किया जाए। मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा और आश्रित को नौकरी दी जाए।



## पीड़ित परिवार ने एसपी कार्यालय में दिया आवेदन, लगाई न्याय की गुहार

**छतरपुर।**

ग्राम सेवार थाना बमनौरा में विगत 12 नवंबर की रात लगभग 10 बजे आवेदक नरेन्द्र विश्वकर्मा व उनकी परिवारजनों पर जानलेवा हमला किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। आवेदिका चंदाबाई पत्नि प्रेमलाल के अनुसार उसका पुत्र घर लौट रहा था तभी बिहारीजू मंदिर के पास भजन कार्यक्रम चल रहा था, जहाँ थोड़ी देर रुकने पर आरोपी कमलेश विश्वकर्मा लाठी लेकर पहुंचा और धमकी देने लगा। पीड़ित परिवार ने सोमवार को एसपी कार्यालय पहुंचकर आवेदन देते हुए आरोपियों पर कार्रवाही की मांग की है। आवेदिका चंदाबाई ने आवेदन में बताया कि नरेन्द्र के घर लौटते समय रास्ते में गोविन्ददास उर्फ मठू, कमलेश, वीरेन्द्र और विनोद विश्वकर्मा लाठियों और कुल्हाड़ी सहित घात लगाए बैठे थे। आरोप है कि सभी ने एक राय होकर नरेन्द्र पर हमला कर दिया। इसी दौरान वीरेन्द्र द्वारा कुल्हाड़ी से सिर पर वार किया गया, जिससे नरेन्द्र गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर गए।

शोर सुनकर गांव के अर्जुन लोधी मौके पर पहुंचे और उन्होंने घटना होते देखी। अर्जुन ने नरेन्द्र की मां चन्दाबाई को बुलाया, जो मौके पर पहुंचीं और बेटे को बचाने लगीं। इसी दौरान आरोपियों ने चन्दा बाई पर भी लाठियों से हमला किया, जिससे वह भी नीचे गिरकर घायल हो गईं जिनका इलाज जिला अस्पताल में चलता रहा। सोमवार को पीड़ित परिवार ने एसपी कार्यालय में आवेदन देकर आरोपियों पर कार्रवाही कर न्याय की गुहार लगाई है।

### एनडीआरएफ-एसडीआरएफ का संयुक्त मेगा रेस्क्यू अभ्यास

## प्रताप सागर तालाब में 'नाव पलटने और 'डूबने की आपदा स्थिति की हुई रिहर्सल

**छतरपुर।**

**राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) ने सोमवार को प्रताप सागर तालाब में संयुक्त रूप से मेगा रेस्क्यू अभ्यास आयोजित किया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य नाव पलटने, सेल्फी लेते समय संतुलन बिगड़ने तथा डूबने जैसी आकस्मिक परिस्थितियों में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करना था। सुबह 10 बजे शुरू हुए इस अभ्यास में दोनों दलों ने लगभग वास्तविक माहौल तैयार कर आपदा स्थितियों का सघन रिहर्सल किया।**



प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विशेष फोकस रखा गया जिसमें सेल्फी लेने या अन्य कारणों से नाव असंतुलित होने की स्थिति में तुरंत बचाव कार्य शुरू करने की तकनीकों का प्रदर्शन किया गया। पानी में संघर्ष कर रहे व्यक्ति तक सुरक्षित पहुंचने, उसे पकड़ने और किनारे तक लाने की उन्नत तकनीकों का अभ्यास किया गया। पीड़ित को बाहर निकालने के बाद सीपीआर, कृत्रिम श्वास सहित अन्य प्राथमिक उपचार प्रक्रियाओं का चरणबद्ध प्रशिक्षण दिया गया। तालाब क्षेत्र में मौजूद लोगों को आपातकालीन स्थिति में शांत रहने, सुरक्षित दूरी बनाए रखने और रेस्क्यू टीम आने तक सावधानी बरतने के संबंध में समझाइश दी गई। इस संयुक्त अभ्यास से दोनों बलों के बीच तालमेल, संचार और त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता में उल्लेखनीय मजबूती देखने को मिली। अधिकारियों के अनुसार, ऐसी संयुक्त तैयारियाँ वास्तविक आपदा के समय जीवन बचाने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

## हरपालपुर में प्रदेश मंत्री अर्चना सिंह का भव्य स्वागत



**छतरपुर।** भारतीय जनता पार्टी की नवनियुक्त प्रदेश मंत्री अर्चना सिंह का हरपालपुर प्रवास कार्यकर्ताओं के लिए उत्साह का बड़ा अवसर बना। अर्चना सिंह लगभग एक दर्जन गाड़ियों के काफिले के साथ हरपालपुर पहुंचीं, जहां कार्यकर्ताओं ने कई स्थानों पर टेंट लगाकर उनका भव्य स्वागत किया। युवाओं ने मोटरसाइकिल रैली निकालकर अपनी उत्साही सहभागिता दिखाई। वहीं मंडल अध्यक्ष अजीत सिंह के नेतृत्व में वरिष्ठ नेता लोकेंद्र सिंह, विनोद राय, महेश राय सहित अन्य पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सौरव शाह के साथ मिलकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री अर्चना सिंह ने कहा कि कार्यकर्ताओं का यह प्यार और सम्मान ही मेरी ताकत है। प्रदेश नेतृत्व ने जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी है, वह केवल मेरी नहीं, बल्कि पूरी भारतीय जनता पार्टी और प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। उन्होंने आगे कहा कि छतरपुर जिले के कार्यकर्ताओं के मान, सम्मान और हितों की रक्षा सर्वोपरि रहेगी। उन्होंने कहा कि कम उम्र में मिला यह दायित्व कार्यकर्ताओं की शक्ति और सहयोग से और अधिक अनुभवी बनाएगा। अर्चना सिंह ने आश्वासन देते हुए कहा कि हर कार्यकर्ता का दुख-दर्द मेरा अपना दुख-दर्द है। आपका स्वागत सिर्फ स्वागत न रहे, बल्कि आपकी आवाज़ प्रदेश नेतृत्व तक पहुंचाने का माध्यम बनाना ही मेरी सबसे बड़ी कोशिश रहेगी।

## एसएनसीयू वार्ड में मनाया गया राष्ट्रीय नवजात शिशु सप्ताह

**माताओं को दिलाई गई छह माह तक स्तनपान की शपथ**



**छतरपुर।** जिला अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड में राष्ट्रीय नवजात शिशु सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर पार्थ जायसवाल, एसपी अगम जैन, एडिशनल एसपी आदित्य पटले, सीएमएचओ डॉ. राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, सिविल सर्जन डॉ. शरद चौरसिया सहित अन्य चिकित्सक मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान माताओं को शपथ दिलाई गई कि वे अपने शिशुओं को छह माह तक केवल मां का दूध ही पिलाएं। कलेक्टर पार्थ जायसवाल ने बताया कि राष्ट्रीय नवजात शिशु सप्ताह के तहत एसएनसीयू वार्ड में आयोजित कार्यक्रम में सभी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। उन्होंने कहा कि एसएनसीयू में क्षमतावर्धन तथा आवश्यक उपकरणों की कमी को पूरा करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। लक्ष्य है कि जिले के अधिक से अधिक लोगों को जिला अस्पताल में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं और एक उत्तम स्वास्थ्य वातावरण तैयार किया जा सके।

### एरियर्स और वेतन न मिलने पर किया विरोध प्रदर्शन

## नगर पालिका में सफाई कर्मियों का धरना



**छतरपुर।** नगर पालिका के सफाईकर्मियों ने एरियस और समय पर वेतन न मिलने को लेकर सोमवार को नगर पालिका परिसर में बैठकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। सफाईकर्मियों ने आरोप लगाया कि महीनों से न तो वेतन मिल रहा है और न ही एरियर्स का भुगतान किया जा रहा है, जिससे परिवारों का भरण-पोषण करना मुश्किल हो गया है।

धरने पर बैठीं सफाई कर्मी वंदना नाहर ने कहा कि "सभी जगह एरियर्स दे दिए गए हैं, लेकिन हमारा भुगतान अभी तक नहीं हुआ। कहा जा रहा है कि 1 तारीख को डाल दिया है, लेकिन किसके खाते में गया कोई बताने को तैयार नहीं है। अगर हमारी सुनवाई नहीं हुई तो हम काम बंद करने पर मजबूर होंगे। इसी तरह ज्योति बाल्मीक ने बताया कि डेढ़ महीने से वेतन नहीं मिला है और एरियर भी लंबित है। रोजाना हाजिरी में 40 रुपए खर्च हो रहे हैं। कई बार पूछने पर भी कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिलता। यदि स्थिति नहीं सुधरी तो हम लोग काम बंद कर देंगे।

इस संबंध में नगर पालिका सीएमओ माधुरी शर्मा ने स्पष्टीकरण देते हुए बताया कि पूरे प्रदेश में ऑनलाइन फेस आईडी उपस्थिति प्रणाली लागू होने के कारण तकनीकी विलंब हो रहा है। जिन कर्मचारियों का रजिस्ट्रेशन 31 अक्टूबर के बाद हुआ है, उनका सत्यापन चल रहा है, जिसके चलते भुगतान में देरी हुई। जिनका रजिस्ट्रेशन पहले हो चुका है, उनकी वेतन आज ही डाली जा रही है।

उन्होंने आगे बताया कि एरियर्स को लेकर बजट की सीमित उपलब्धता के कारण तीन किश्तों में भुगतान की योजना बनाई गई है, जिसकी पहली किस्त एक सप्ताह के भीतर जारी कर दी जाएगी। सफाईकर्मियों के इस विरोध ने नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं और कर्मचारी समाधान की त्वरित मांग कर रहे हैं।

### भौगोलिक स्थिति के आधार पर तहसील व ग्रामों का किया जाये परिसीमन : श्री मिश्रा

## मध्यप्रदेश प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग के अध्यक्ष की अध्यक्षता में बैठक आयोजित



**सिंगरौली** राज्य की प्रशासनिक इकाईयो याथ संभव जिला उपखण्ड, तहसील, जनपद, विकस खण्डो के परिसीमन सृजन एवं सीमाओं मे परिवर्तन एवं युक्ति युक्तिकरण के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार सिंगरौली में मध्यप्रदेश प्रशासनिक इकाई पुर्नागठन आयोग के अध्यक्ष श्री एस.एन मिश्रा के अध्यक्षता में एवं आयोग के सचिव श्री अक्षय कुमार सिंह, कलेक्टर श्री गौरव बैनल, पुलिस अधीक्षक श्री मनीष खंत्री के गरिमामय उपस्थिति में बैठक आयोजित हुई।बैठक में आयोग के अध्यक्ष श्री एस.एन.मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी प्रशासनिक इकाई के पुनर्गठन के पहले जनप्रतिनिधियों एवं आमजन से चर्चा कर उनकी राय लेकर आपस में समन्वय स्थापित करके राजस्व सीमाओं के पुनर्गठन का प्रस्ताव कलेक्टर को प्रेषित करें। उन्होने कहा कि कलेक्टर प्राप्त प्रस्तावों पर विचार करके अपने सुझाव एवं निर्णय से आयोग को अवगत करायेगें। उन्होंने कहा कि पुनर्गठन के पूर्व जनप्रतिनिधियों एवं सभी अधिकारियों से अलग-अलग चर्चा की जाए। चर्चा के दौरान बिजली,पानी,सड़क,शिक्षा का भी विशेष ध्यान रखा जाए। जनपद एवं तहसील की सीमाओं के परिसीमन को और अधिक जनोन्मुखी बनाया जाएगा। इसके आधार पर ज्यादा से ज्यादा जनता को सुविधा दिलाई जा सके। अध्यक्ष श्री मिश्रा ने बताया कि नवीन प्रशासनिक इकाई के लिए मार्गदर्शन सिद्धांत बनाये गये है। नये परिसीमन में यह आवश्यक रूप से देखा जायेगा कि जनसंख्या का संतुलन हो। परिसीमन में जनसंख्या,औद्योगिक क्षेत्र एवं भौगोलिक दूरी अनिवार्य रूप से ध्यान रखा जायेगा। इसके साथ ही प्रस्तावित इकाईयों को सुविधा की दृष्टि से पुनर्गठन के संबंध में विस्तार से निर्देश दिए गए। उन्होंने प्रश्नावली को पब्लिक डोमेन में लाकर उसके जबाव तैयार कर सुझाव लिये जायेगें। जिसकी समीक्षा राजस्व स्तर पर की जायेगी। यदि भौगोलिक गठन चाहते है तो बताना पडेगा कि तहसील एवं गांव किस जिले के करीब है। नये प्रशासनिक इकाई गठन में यह सभी बातें शामिल की जायेगी। उन्होंने आयोग के कार्यक्षेत्र के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि भौगोलिक परिस्थितियों एवं जन अपेक्षाओं के आधार पर और अधिक जनोन्मुखी एवं सुलभ प्रशासन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वर्तमान संभाग, जिला, तहसील, जनपद, विकासखण्ड,प्रशासनिक इकाईयों के पुनर्गठन के संबंध में अनुशंसायें करना है। साथ ही प्रशासनिक इकाईयों की पद संरचना,युक्तियुक्तकरण,नवीन प्रशासनिक इकाईयों के गठन हेतु मार्गदर्शी सिद्धांतो सहित जिलों का भ्रमण कर सुझाव प्राप्त करना एवं इकाईयों की दक्षता बढाने हेतु अनुशंसा करना है। बैठक में सचिव श्री अक्षय कुमार सिंह ने लोक कल्याणकारी राज्य की कल्पना को ध्यान में रखते हुए मध्यप्रदेश प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग के कार्य करने की पद्धति का निर्धारण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में पोर्टल की प्रश्नावली को भरे जाने,प्रशासकीय प्रश्नावली पदों की स्थिति एवं आवश्यकता,भौगोलिक कारक,प्राकृतिक सीमाएं,आवागमन क्षेत्रफल,अंधोसंरचनात्मक बुनियादी सुविधाएं,प्रशासनिक अमला एवं दक्षता,आर्थिक गतिविधियां,संसाधनों की उपलब्धता,जनसंख्या का आकार और घनत्व,सामाजिक संरचना,सांस्कृतिक और सामाजिक कारक,सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में कलेक्टर श्री गौरव बैनल ने कहा कि आयोग द्वारा दिए गए निर्देशानुसार सभी आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कर आयोग की मंशानुरूप प्रस्ताव भेजे जाने की कार्यवाही यथाशीघ्र की जायेगी। बैठक के दौरान संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय एसडीएम सिंगरौली सुरेश जाधव, एसडीएम देवसर अखिलेश सिंह, एसडीएम माड़ा नंदन तिवारी, एसडीएम चितरंगी सौरभ मिश्रा,डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की, जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अरविंद डामोर सहित जिलाधिकारी उपस्थित रहे।



## रबी सीजन में पर्याप्त मात्रा में किसानों को उपलब्ध कराये उर्वरकः कलेक्टर

### सीएम हेल्प लाईन की शिकायतों के निराकरण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को कलेक्टर ने जारी किया कारण बताओ नोटिस

**सिंगरौली** 17 नवम्बर 2025/ रबी सीजन में पर्याप्त मात्रा मे किसानो को उर्वरक एवं बीज उपलंब्ध कराये तथा सीएम हेल्प लाईन में दर्ज शिकायतो को विभागीय अधिकारी स्वंय रूचि लेकर निराकरण कराना सुनिश्चित करे। सीएम हेल्प लाईन कि शिकायतो के निराकरण में लापरवाही बरतने पर 6 विभागीय अधिकारियो को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समय सीमा बैठक के दौरान कलेक्टर श्री गौरव बैनल के द्वारा दिया गया।बैठक के दौरान कलेक्टर ने जिलें में रबी फसल के लिए खाद बीज के उपलंब्धता की जानकारी लेने के पश्चात संबंधित विभागीय अधिकारी को निर्देश दिए कि किसानो को उनकी आवश्यकता अनुरूप खाद बीज उपलंब्ध कराये उन्हे किसी भी प्रकार की परेशानी न होने पायें। उन्होने मतदाता सूची गहन पुनिरीक्षण कार्य की समीक्षा करते हुयें समस्त रजिस्ट्रीकरण अधिकारियो को निर्देश दिए कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी समय सीमा में मतदाता सूची गहन पुनिरीक्षण कार्य सम्पन्न कराये तथा प्रति दिवस के लिए निर्धारित प्रतिशत के अनुसार कार्य किया जाना सुनिश्चित करे। इस कार्य में किसी भी प्रकार की सिथिलता एवं लापरवाही बर्दास्त नही की जायेगी। कलेक्टर ने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिए कि नगरीय क्षेत्र में शिविर आयोजित कर मतदाता सूची का गहन पुनिरीक्षण कराया जाना सुनिश्चित करे। वही धान उपार्जन केन्द्रो के संबंध में जानकारी लेने के पश्चात निर्देश दिए कि निर्धारित तिथि के अनुसार किसानो से धान उपार्जन करना सुनिश्चित करे। किसानो के लिए उपार्जन केन्द्र पर सभी प्रकार की व्यवस्था सुनिश्चित करे ठण्ड के दौरान केन्द्र में छाया सहित अलाव की भी व्यवस्था करना सुनिश्चित करे। कलेक्टर ने श्रम अधिकारी को निर्देश दिए कि बच्चो कार्य कराने वाले प्रतिष्ठानो, व्यावासयो की औचक जॉच करे तथा अगर कही पर बाल श्रम कराया जा रहा है तो संबंधित के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराये तथा आगामी टीएल बैठक के दौरान पालन प्रतिवेदन भी दिया जाना सुनिश्चित करे। उन्होने मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि एम्बुलेंश संचालन की लागातार मानीटरिंग करे गंभीर मरीजो को आवाश्यकता पड़ने पर समय पर चिकित्सा उपलंब्ध कराया जा सके कलेक्टर ने कहा कि एम्बुलेश संचालन के कार्य पर लापारवाही करने वाले पर कठोर कार्यवाही करे। साथ ही एनआरसी में कुपोषित बच्चो के उपचार के संबंध में जानकारी लेने के पश्चात महिला बाल विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि एनआरसी के लिए निर्धारित किए गए बेड के अनुसार कुपोषित बच्चो को भर्ती कराकर उनका उपचार कराये तथा आगामी बैठक मे एनआरसी बार भर्ती कुपोषित बच्चो की जानकारी भी उपलंब्ध करायें। कलेक्टर ने वन स्टाप सेंटर संचालन के संबंध में जानकारी लेने के पश्चात डीपीओ को निर्देश दिए कि सेटर का संचालन निर्धारित पैरामीटर के अनुसार कराये। समय समय पर स्वंय वन सेटर का निरीक्षण कर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करे। वही सीएम हेल्प लाईन, समाधन विंदु में चिन्हित विंदु, जन सुनवाई तथा टीएल बैठक के विंदुओ की समीक्षा करते हुयें विभागीय अधिकारियो को निर्देश दिया गया कि प्राप्त शिकायतों का समय पर निराकरण करना सुनिश्चित करे। कलेक्टर ने शिकायतो के निराकरण में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विभागीय अधिकारियों को बधाई दी। साथ सीएम हेल्प लाईन की शिकायतो के निराकरण में लापरवाही बरतने पर जिला आपूर्ति अधिकारी, एलडीएम, महिला एवं बाल विकास अधिकारी, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उपसंचालक, स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया गया।बैठक के दौरान संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय, एसडीएम सिंगरौली सुरेश जाधव, एसडीएम देवसर अखिलेश सिंह, एसडीएम माड़ा नंदन तिवारी, एसडीएम चितरंगी सौरभ मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की, कोषालय अधिकारी श्रीकांत त्रिपाठी, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अरविंद डामोर, जिला परिवहन अधिकारी बिक्रम सिंह राठौर, खनिज अधिकारी आकांक्षा पटेल, सहायक संचालक उद्यानिकी एस.एल निमोरिया, उपायुक्त सहकारिता पी.के मिश्रा, आबकारी अधिकारी सतीश कश्यप, उपायुक्त नगर निगम आरपी बैस, डीपीसी आर.एल शुक्ला सहित जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने तीन बीएलओ को दिया नोटिस

रीवा। जिले की सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिभा पाल ने गुढ़ विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची पुनरीक्षण में लापरवाही बरतने वाली तीन आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को कारण बताओ नोटिस दिया है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती आकांक्षा अग्निहोत्री ग्राम दुआरी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अंजुला मिश्रा आंगनवाड़ी केन्द्र बेला तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती संगीता मिश्रा जोगिनहाई की ड्यूटी बीएलओ के रूप में मतदाता सूची पुनरीक्षण में लगाई गई है। इन कार्यकर्ताओं द्वारा कार्य में उपस्थित न होने तथा गणना पत्रक संकलन कार्य से इंकार करने पर कारण बताओ नोटिस दिया गया है। नोटिस का संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने पर इनके विरूद्ध सेवा समाप्ति की कार्यवाही की जाएगी।

### अब तक बीएलओ ने किए 164849 गणना पत्रक डिजिटाइज्ड

रीवा। रीवा जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य तेजी से जारी है। मतदाता के सत्यापन के लिए गणना पत्रक का शत-प्रतिशत वितरण कर दिया गया है। अब सभी बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं से गणना पत्रक भरवाकर उसे संकलित कर रहे हैं। इन्हें संकलित करके बीएलओ ऐप के माध्यम से डिजिटाइज किया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि 17 नवम्बर को शाम 6 बजे तक मतदाताओं से 164849 गणना पत्रक प्राप्त कर इसे डिजिटाइज कर लिया गया है। बीएलओ घर-घर जाकर गणना पत्रक संकलित कर रहे हैं। अब तक विधानसभा क्षेत्र गुढ़ में 16333, मनगवां में 30430, रीवा में 30142, सेमरिया में 30200, सिरमौर में 26740 तथा विधानसभा क्षेत्र त्योंथर में 31004 गणना पत्रक डिजिटाइज किए जा चुके हैं। मतदाताओं से बड़ी संख्या में गणना पत्रक प्राप्त हो गए हैं। इन्हें डिजिटाइज करने के लिए पटवारी, ग्राम रोजगार सहायक तथा अन्य तकनीकी कर्मचारी बीएलओ को लगातार सहयोग कर रहे हैं। सभी गणना पत्रक 20 नवम्बर तक शत-प्रतिशत डिजिटाइज करने का लक्ष्य रखा गया है। सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी, जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी तथा अन्य अधिकारी मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण में गणना पत्रक भरवाने और संकलित करने का लगातार प्रयास कर रहे हैं। जिले भर में गणना पत्रक भरवाने के लिए लगातार शिविर लगाए जा रहे हैं।

### उत्तरप्रदेश से धान एवं मोटे अनाजों की आवक को रोकने के लिए अस्थाई चेकपोस्ट स्थापित

रीवा। किसानों से विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी एक दिसम्बर से प्रारंभ हो रही है। उत्तरप्रदेश की लगी सीमा से खरीदी केन्द्रों में धान एवं मोटे अनाजों की आवक को रोकने के लिए अस्थाई चेकपोस्ट स्थापित किए गए हैं। इस संबंध में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने एसडीएम त्योंथर और जवा को निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा है कि निर्धारित स्थलों में स्थापित चेकपोस्ट में जिले में उत्तरप्रदेश से आने वाले सभी वाहनों की सघन जांच करें। इसके लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाना सुनिश्चित करें जिससे धान एवं मोट अनाजों के अवैध परिवहन पर रोक लगाई जा सके। जाँच के दौरान अवैध रूप से जिले के बाहर की धान जिले के खरीदी केन्द्रों में आना पाए जाने संबंधित कर्मचारियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करें। कलेक्टर ने बताया कि तहसील त्योंथर में चाकघाट से प्रयागराज मार्ग में वन विभाग जांच नाका चाकघाट में स्थापित किया गया है। वहीं त्योंथर से शंकरगढ़ मार्ग में पटहट चौकी के पास, नारीबारी से मागी मार्ग में भंडफोड़ तिराहा तथा डीही से बसहट मार्ग में पथरपुरा तिराहा मूरी में अस्थाई चेकपोस्ट स्थापित किया गया है। चिराव से सोनौरी मार्ग में चिराव तिराहा, मागी समरोल तिराहा में एमपी यूपी बार्डर मागी तथा ककरहा से बरछा मार्ग में ककरहा में अस्थाई चेकपोस्ट स्थापित किया गया है। जवा तहसील में रामबाग से बरगढ़ मार्ग में देवी तिराहा घूमन रोड और घूमन से डभौरा मार्ग में चुनेगी गाव तिराहा में अस्थाई चेकपोस्ट स्थापित किया गया है।

### गुढ़ विधानसभा क्षेत्र के विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए सेक्टर अधिकारी तैनात

रीवा। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य जारी है। इसकी सभी आवश्यक कार्यवाहियाँ समय सीमा में पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने गुढ़ विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची के विशेष गहन

## विद्यार्थी एक राष्ट्र एक चुनाव का विचार जन-जन तक पहुंचाएं

# भ्रष्टाचार रोकने के लिए एक राष्ट्र एक चुनाव आवश्यक है - उप मुख्यमंत्री

**उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर आयोजित संगोष्ठी का शुभारंभ करते हुए कहा कि देश के विकास के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कई नवाचार किए हैं।**

रीवा।






प्रधानमंत्री जी ने ही एक राष्ट्र एक चुनाव का विचार दिया है। भ्रष्टाचार और राजनीति में धन के दुरूपयोग को रोकने के लिए एक राष्ट्र एक चुनाव आवश्यक है। लोकसभा और विधानसभा के चुनाव जब एक साथ होंगे तो इनमें खर्च होने वाले लाखों करोड़ों रुपए की बचत होगी। इस राशि का उपयोग देश के विकास में होगा। उप मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों का आह्वान करते हुए कहा कि देश के विकास का पूरा फल आने वाली पीढ़ी को ही मिलेगा। इसलिए विद्यार्थी एक राष्ट्र एक चुनाव के विचार को जन-जन तक पहुंचाएंठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय में आयोजित संगोष्ठी में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक राष्ट्र एक चुनाव के लिए समिति गठित की गई थी। इस समिति की रिपोर्ट को सरकार ने स्वीकार कर लिया है। लोकसभा और विधानसभा के चुनाव जब एक साथ होंगे तो समय और धन की बचत होने के साथ विकास कार्यों के लिए पाँच वर्ष का पूरा समय मिलेगा। देश में 1967 तक दोनों चुनाव एक साथ हुए थे। इसके बाद धारा 356 के दुरूपयोग के कारण कई सरकारों का कार्यकाल पूरा होने के पहले ही उन्हें भंग कर दिया गया जिसके कारण मध्यावधि चुनाव कराने पड़े। देश अब तेजी से आर्थिक महाशक्ति बनने की राह पर कदम बढ़ा रहा है। देश को आगे ले जाने में विद्यार्थियों की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इसलिए हर विद्यार्थी एक राष्ट्र एक चुनाव अभियान को सफल बनाने में सहयोग करे। संगोष्ठी में पूर्व महापौर तथा जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि एक साथ चुनाव होने में कई लाभ हैं। इससे धन की बचत होने के साथ-साथ संसाधनों की भी बचत होगी। अधिकारी-कर्मचारी एक बार चुनाव कराकर फिर अपने कार्य में लग जाएंगे। पिछले लोकसभा चुनाव में प्रति मतदाता लगभग 1400 रुपए चुनाव में खर्च हुए। एक साथ चुनाव होने में यह खर्च आधा हो जाएगा। संगोष्ठी में कालेज के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष तथा पूर्व महापौर राजेन्द्र ताम्रकार ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती और देश के विकास के लिए एक राष्ट्र एक चुनाव आवश्यक है। एक साथ चुनाव होने से प्रशासन और आमजनता चुनाव की लंबी प्रक्रिया से बचेगी। चुनाव की आदर्श आचरण संहिता से विकास पर विपरीत प्रभाव नहीं पड़ेगा। कार्यक्रम का संचालन करते हुए आशुतोष तिवारी ने एक राष्ट्र एक चुनाव अभियान की जानकारी दी। कार्यक्रम का समापन अभियान के जिला संयोजक वासुदेव ठारवानी द्वारा आभार प्रदर्शन से हुआ। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत प्रभारी प्राचार्य डॉ एसपी शुक्ला ने किया। कार्यक्रम में प्राध्यापकगण, अभियान से जुड़े पदाधिकारी तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## मरीज मर रहे हैं और एचओडी मेडिकल लीव की छुट्टी लगाकर शादियों में घूम रही, महिला चिकित्सक ने वीडियो जारी कर लगाए गम्भीर आरोप

**गांधी मेमोरियल अस्पताल का गायनी विभाग विवादों में घिरा**

रीवा।



श्यामशाह मेडिकल कॉलेज के अधीन संचालित गांधी मेमोरियल अस्पताल (जीएमएच) का गायनी विभाग इन दिनों गंभीर विवादों का केंद्र बना हुआ है। पिछले पंद्रह दिनों में प्रताड़ना, अनुशासनहीनता, निजी खींचतान, विभागीय अव्यवस्था और मरीजों की अनदेखी जैसे आरोपों ने विभाग का माहौल अस्थिर कर दिया है। अब युवा चिकित्सक डॉ. पूजा गंगवार द्वारा जारी किए गए वीडियो बयान ने विवाद को नया मोड़ दे दिया है। डॉ. पूजा गंगवार ने वीडियो जारी कर विभागाध्यक्ष डॉ. बीनू सिंह पर आरोप लगाया कि वे निजी क्लीनिकों से आए या किसी अन्य डॉक्टर द्वारा भेजे गए मरीजों पर चिखती चिल्लाती है कठोर व्यवहार करती हैं। गंगवार के मुताबिक फाइल तक कमरे से बाहर फेंक दी जाती है और कई बार ऐसे मरीजों का इलाज अनावश्यक रूप से रोके रखा जाता है। उन्होंने कहा विभागाध्यक्ष की यह सोच रहती है कि मरीज की हालत बिगड़े और दोष उस डॉक्टर पर आए जिसने उसे भेजा है। गंगवार ने विभागाध्यक्ष की तुलना पूर्व एचओडी कल्पना यादव से करते हुए कहा कि पद की गरिमा बनाए रखने की जरूरत है, जैसा कि पूर्व एचओडी ने निभाया था। मानसिक प्रताड़ना का आरोप, नौकरी छोड़ने को मजबूर किया' वीडियो में डॉ. गंगवार का कहना था कि एक क्लास वन अधिकारी अपनी सेवा आसानी से नहीं छोड़ता, लेकिन विभाग में बने तनावपूर्ण माहौल ने उन्हें इस्तीफा देने पर मजबूर किया। उन्होंने दावा किया कि एचओडी समय पर अस्पताल नहीं आतीं और कई बार मेडिकल लीव लेकर निजी समारोहों में शामिल होती देखी गई हैं। जब विभागाध्यक्ष खुद सुबह 11 बजे आती हैं और दोपहर 1 बजे चली जाती हैं, तो उन्हें कैसे पता चलेगा कि कौन राउंड में मौजूद था, कौन नहीं था। वरिष्ठ चिकित्सक की यूनिट में जितनी भी डॉक्टर थीं, सभी को परेशान किया गया। एचओडी ने मेंटली टार्चर किया। सात महिला चिकित्सकों की सामूहिक शिकायत, दो डॉक्टर इस्तीफा दे चुकींगौरतलब है कि विभागीय विवाद की शुरुआत तब हुई जब गायनी विभाग की सात महिला चिकित्सकों ने डीन डॉ. सुनील अग्रवाल को लिखित शिकायत सौंपकर बताया कि विभाग में दुर्व्यवहार, शत्रुतापूर्ण वातावरण और निरंतर दबाव के कारण काम करना मुश्किल हो गया है। इनमें से दो चिकित्सक डॉ. पूजा गंगवार और डॉ. सरिता सिंह पहले ही इस्तीफा दे चुकी हैं। डिप्टी सीएम तक पहुंची शिकायत वही डॉक्टरों के प्रतिनिधिमंडल ने उप मुख्यमंत्री से मुलाकात कर विभाग की स्थिति, तनावपूर्ण वातावरण और एचओडी के व्यवहार की जानकारी भी दी है विभागाध्यक्ष की कार्यहौली, व्यवहार एवं विभाग के तवपूर्ण बालवरण की जानकारी पत्र में थी गई। पत्र में चिकित्सकों ने लेख किया कि लंबे समय से विभाग में अनुशासनहीनता, अमर्यादित व्यवहार और शत्रुतापूर्ण कार्य का वातावरण बना हुआ है, जिससे काम करना कठिन हो गया है।विभागीय जांच और पुराने विवाद भी आए सामनेडॉ. गंगवार ने दावा किया कि निजी अस्पतालों में मरीज भेजने के आरोप में एक बार डॉ. बीनू सिंह पर विभागीय जांच बैठाई जा चुकी है और इसी कारण उन्हें कुछ समय के लिए विभागाध्यक्ष पद से हटाया भी गया था। उनके मुताबिक, जांच के बाद दोबारा पद संभालने के बाद एचओडी ने कथित तौर पर कई डॉक्टरों के प्रति सख्त रवैया अपनाया और व्यक्तिगत दुश्मनी के आधार पर व्यवहार किया जा रहा है गंगवार ने यह भी कहा कि विभागाध्यक्ष और एक वरिष्ठ चिकित्सक के बीच पुरानी खींचतान है। आरोप है कि एचओडी ने उनसे उस वरिष्ठ चिकित्सक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने का दबाव बनाया था। ऐसा न करने पर पूरी यूनिट को परेशान किया जा रहा था।

## शहर में अलाव व्यवस्था की शुरुआत, राहगीरों एवं रात में सार्वजनिक स्थलों पर ठहरने वालों को मिलेगी ठंड से राहत

रीवा।

शीत ऋतु के आगमन के मद्देनज़र नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार नगर निगम रीवा द्वारा शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर अलाव व्यवस्था की गई है। यह व्यवस्था वर्तमान में 8 स्थानों पर की गई है। जहाँ राहगीरों, यात्रियों एवं जरूरतमंद लोगों की रात में आवाजाही या ठहराव अधिक होता है। नगर निगम द्वारा प्रमुख स्थलों पर अलाव की व्यवस्था की गई है जिनमें साईं मंदिर परिसर, मनकामेश्वर मंदिर के पास, पुराना एवं नया बस स्टैंड क्षेत्र, संजय गांधी अस्पताल के मुख्य प्रवेश द्वार एवं दीनदयाल और अटल आश्रय स्थल के बाहर जैसे प्रमुख स्थल शामिल है। नगर निगम ने यह सुनिश्चित किया है कि अलाव की उपलब्धता रात के समय तक बनी रहे । ठंड का प्रकोप अधिक होने एवं जरूरत पड़ने पर इसे अतिरिक्त स्थानों तक भी बढ़ाया जाएगा।



## शीतलहर में बेघरों की सुरक्षा के लिए निगम अलर्ट

# आश्रय स्थलों में बढ़ाई गई सुविधाएँ

रीवा।

शीतलहर से बेघरों को राहत दिलाने निगम प्रशासन सक्रिय है नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देश पर शीत ऋतु में बेघर एवं जरूरतमंद लोगों को संरक्षण देने हेतु शहर के सभी आश्रय स्थलों में व्यापक व्यवस्थाएँ की जा रही हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास भोपाल के आदेशों के पालन में निगम ने अधिकारियों और कर्मचारियों को स्पष्ट दायित्व सौंपे हैं, ताकि सर्द मौसम में कोई भी बेघर व्यक्ति खुले में न रहे। निगम आयुक्त ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, रीवा को निर्देशित किया है कि शारीरिक रूप से अस्वस्थ एवं बीमार बेघरों का चिन्हांकन कर उनके उपचार की संपूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्हें अस्पताल तक पहुँचाने के लिए विशेष परिवहन सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके साथ ही रात्रिकालीन भ्रमण दल का गठन किया जाएगा, जो रात के समय शहर में घूमकर जरूरतमंदों की मदद करेगा। आश्रय स्थलों में ठहरने वाले हितग्राहियों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए नियमित शिविर भी आयोजित किए जाएंगे। संयुक्त संचालक, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, रीवा को मानसिक रूप से अस्वस्थ बेघरों का चिन्हांकन कर उनके उपचार व पुनर्वास की जिम्मेदारी सौंपी गई है। भिक्षावृत्ति में संलग्न व्यक्तियों की पहचान कर उनके पुनर्वास की प्रक्रिया भी तेज की जाएगी। इसके साथ ही रात्रिकालीन भ्रमण के लिए अलग से दल तैयार किया जाएगा। वही निगम आयुक्त ने सभी आश्रय स्थलों की मरम्मत व रखरखाव के तत्काल कार्य कराने के निर्देश दिए हैं। ठंड से बचाव के लिए रजाई, कंबल और पर्याप्त गर्म पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। नगर निगम स्वास्थ्य अमले को मोबाइल वैन की तैनाती, सभी आश्रय स्थलों में नियमित कीटनाशक छिड़काव तथा अलाव की व्यवस्था के निर्देश दिए गए हैं, ताकि बेघरों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध हो सके।

# कैंपस ने सिंगरौली में खोला नया स्टोर




सिंगरौली।

भारत के अग्रणी स्पोर्ट्स एवं एथलेज़र फुटवियर ब्राण्ड्स में से एक कैंपस ने मध्य प्रदेश के सिंगरौली में एक शानदार नया स्टोर खोला है। यह कदम ब्रांड की अपने ग्राहकों तक पहुंच बढ़ाने और उन्हें एक बेहतर और रोमांचक शॉपिंग अनुभव प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। 720 वर्ग फीट में फैला हुआ यह स्टोर कैंपस के स्टाइलिश और आरामदायक फुटवियर का लेटेस्ट कलेक्शन शामिल हैं। यहां पर पुरुषों और महिलाओं के लिए स्नीकर्स, परफॉर्मेंस शूज और वार्नर ब्रदर्स के लिमिटेड एडिशन जैसे बैटमैन और सुपरमैन से प्रेरित डिज़ाइन भी उपलब्ध हैं। ग्राहक लॉन्च के मौके पर आकर्षक ऑफ़र जैसे '2499 या उससे अधिक की खरीदारी करें और बेला वीटा परफ्यूम मुफ्त पाएं, 3999 या उससे अधिक की खरीदारी करें और बैकपैक मुफ्त पाएं' का लाभ उठा सकते हैं। यह एक बेहतरीन मौका है, जहां ग्राहक कैंपस के हाई-फैशन और ट्रेंडिंग फुटवियर को शानदार कीमत पर पा सकते हैंइस अवसर पर निखिल अग्रवाल, सीईओ एंड होल टाइम डायरेक्टर, कैंपस एक्टिववियर लिमिटेड ने कहा, ''सिंगरौली में हमारा नया स्टोर खोलना हमारे लिए हमारे ग्राहकों तक पहुंचने, अपना ग्राहक आधार बढ़ाने और उन्हें एक आसान और शानदार शॉपिंग अनुभव देने का हमारा प्रयास है।

# हनुमना नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 2514 के स्वास्थ्य की हुई जाँच

### स्वास्थ्य जीवन ही विकसित समाज का आधार - उप मुख्यमंत्री

मऊगंज। उप मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने हनुमना मण्डी में आयोजित विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में देर शाम तक 2514 लोगों के स्वास्थ्य की जाँच की गई तथा दवाएं दी गईं। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वस्थ जीवन ही विकसित समाज का आधार है। हर व्यक्ति को 6 माह में अपने स्वास्थ्य की जाँच करानी चाहिए। जाँच के बाद शरीर को आवश्यक उपचार देना चाहिए। जब हमारा तन और मन स्वस्थ होगा तभी हम अपने समाज और देश के विकास में योगदान दे पाएंगे। हनुमना में स्वास्थ्य शिविर के आयोजन के लिए विधायक मऊगंज ने विशेष पहल की है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग का काम आसान कर दिया है। शिविर बड़े अस्पताल के रूप में काम कर रहा है। हजारों रोगियों को जाँच और उपचार की सुविधा मिली है। जो गंभीर रोगी हैं उन्हें बसों के माध्यम से बड़े अस्पताल भेजा जा रहा है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार महिलाओं को लाड़ली बहना बनाने के साथ उनके स्वास्थ्य की भी चिंता कर रही है। हर गर्भवती महिला का पंजीयन करके निःशुल्क जाँच की जाती है। उन्हें



समय पर टीके और आवश्यक दवाएं दी जाती हैं। प्रसव के लिए अस्पताल में भर्ती होने पर भी निःशुल्क उपचार दिया जा रहा है। हर गर्भवती महिला का अनिवार्य रूप से पंजीयन कराकर समय पर सभी जाँचे कराएं जिससे मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर पर नियंत्रण हो सके। महिलाओं की स्वास्थ्य रक्षा के लिए हमारी सरकार पूरी सजगता से प्रयास कर रही है। समारोह में विधायक मऊगंज श्री प्रदीप पटेल ने कहा कि उप मुख्यमंत्री जी की विशेष पहल पर ही मऊगंज जिले में आज विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हो रहा है। दूर दराज से आए हजारों रोगियों को विशेषज्ञ डॉक्टरों की सुविधा मिल रही है। उप मुख्यमंत्री जी के लगातार प्रयासों से मऊगंज में सिविल अस्पताल का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा होने वाला है। इससे यहाँ की स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर होंगी। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव तथा सरकार मऊगंज के विकास के लिए पूरा ध्यान दे रही है। मऊगंज के विकास के लिए चार हजार करोड़ की सीतापुर उद्वहन सिंचाई परियोजना मंजूर की गई है। कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद ने कहा कि शिविर में हजारों लोगों को जाँच और उपचार की सुविधा मिली है। शिविर 18 नवम्बर को भी जारी रहेगा। सभी रोगी इस शिविर का लाभ उठाएं। शिविर में 2514 लोगों की प्राथमिक जाँच, 711 की नेत्र जाँच, 1249 लोगों की क्षय रोग की जाँच की गई। जाँच में 16 रोगियों को एंजियोग्राफी के लिए चिन्हित किया गया तथा एक हजार से अधिक रोगियों को दवाओं का वितरण किया गया। शिविर का आयोजन स्वास्थ्य विभाग, जिला प्रशासन, एलएन मेडिकल कालेज एवं जेके हास्पिटल भोपाल के सहयोग से किया जा रहा है। शिविर में जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ राजेन्द्र मिश्रा, कलेक्टर संजय कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला, एलएन मेलिकल कालेज के संचालक डॉ डीके सत्पथी, डॉ रमेश शुक्ला तथा हजारों रोगी उपस्थित रहे।

### उप मुख्यमंत्री ने जिला चिकित्सालय का किया निरीक्षण

मऊगंज। उप मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने जिला चिकित्सालय मऊगंज का निरीक्षण किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने के प्रयासों को प्राथमिकता दें। सभी डॉक्टर पूरी संवेदनशीलता के साथ रोगियों का उपचार करें। निर्माणाधीन दो सौ बिस्तर अस्पताल भवन का निर्माण कार्य तेजी से पूरा कराएं जिससे आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। सभी डॉक्टर नियमित रूप से ओपीडी में रोगियों का उपचार करें। रोगी अपना कष्ट मिटाने के लिए अस्पताल आता है। उनका सेवाभाव से उपचार करें। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, सिविल अस्पताल तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में उपचार सेवाएं बेहतर होंगी तो मेडिकल कालेज संजय गांधी हास्पिटल पर रोगियों की संख्या घटेगी। निरीक्षण के समय कलेक्टर संजय कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी, जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ राजेन्द्र मिश्रा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

